MR. SPEAKER : The lunch hour is dispensed with. This is the last day. If you skip over it, it is good to keep good health.

12.16 hrs.

CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

DELAY IN COMPLETION OF PATNA-HAJIPUR GANGA BRIDGE

SHRI HARIKESH BAHADUR (Gorakhpur) : I call the attention of the Minister of Shipping and Transport to the following matter of Urgent Public Importance and request that he may make a statement thereon :

"The reported inordinate delay in completion of Patna-Hajipur Ganga bridge due to indifference on the part of the authorities."

12.16 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI BUTA SINGH) : Apparently, the Member is referring to the bridge over the river Ganga at Patna. It is a State project and the Govt. of Bihar are primarily concerned as under the Constitution, the Govt. of India are primarily responsible for roads declared as National Highways. All roads other than National Highways in States are essentially the responsibility of the State Govt. concerned.

Although as indicated above, the bridge in question is a State project and is essentially the responsibility of the Govt. of Bihar. In order to assist the State Govt. financially in the construction of this bridge commenced in 1972 the Govt. of India agreed to provide in the Fourth Plan a non-plan loan not exceeding Rs. 4.5 crores towards fifty per cent of the expenditure on the bridge during that plan, the entire balance being met by the State Govt. from their own resources. As there was no provision for such an assistance for this bridge under the subsequent plans the State Govt. have been financing the bridge since then entirely from their own resources.

The bridge with a two-lane superstructure and four-lane foundation is likely to be completed during March, 1982. The bridge, when completed, is estimated to cost Rs. 46 crores.

The Govt. of Bihar have been pressing for the extension of this bridge to a four-lane carriageway. Recently, it has been decided that special assistance to the Govt. of Bihar could be considered in the Sixth Five Year Plan for the above extension subject to an overall ceiling of Rs. 18 crores less the receipts from toll tax which should be a minimum of Rs. 3 crores. This assistance would, however, be available only if the total Sixth Five Year Plan expenditure of the State Govt. exceed Rs. 3225 crores and the excess expenditure is found attributable to this project.

In any case the basic fact remains that the bridge in question is a State project and the State Govt. are primarily concerned in the matter.

SHRI HARIKESH BAHADUR : Sir, I have heard the statement of the hon. Minister. This is a very important bridge, which has got national and international importance. There was a discussion in this House on the 25th November 1980 when the hon. Minister of Shipping and Transport, who has been sitting here and who has just

now left the House, said that the bridge would be completed by December 1981. After 5 or 6 days this year will come to an end and the new year will commence. He said at that time that the basic responsibility is that of the State Government. The same thing is being repeated today also. We are ready to accept it. But the point is that the hon. Minister stated last year, while answering the question, that he would take up the issue with the Planning Commission and the Finance Ministry regarding the funds demanded by the State Government. Now a different reason is being given, connected with the Sixth Plan. If this is the state of affairs, I do not know how much time it will to take for the completion of the bridge. Originally, the contract for the construction of the bridge was given by the State Government to Gammon India Limited on the 5th June, 1972. This contract was given on 5-6-1972. It was to be completed by 1979. Last year, in his reply the hon. Minister said that as per the State Government it would be completed by December, 1981. 1981 is going to be over. But the bridge is not complete because of several other factors. The basic factor responsible for this delay is corruption. Sometimes it is said that cement is not available. If cement is given, they say this cement is useless and that cement is rejected. Sometimes they say cranes are not working properly. There are several points which are always stated in this regard. Last year when the Minister was replying, he gave five reasons for non-completion of the bridge in the year 1979;

1. Shortage of material.
2. Shortage of power.
3. Labour strike.
4. Cyclone in April, 1979.
5. Shortage of appropriate type of cement since December, 1979.

Some of the problems were natural problems and, therefore, Government could not do anything. So far as the problem of quality of cement, quality of cranes, operation of machines etc. are concerned, these problems can be solved by the Government What is the difficulty before the Government to solve these problems? What are the problems due to which Government is unable to provide the funds which the State Government has asked for?

It is said the owners of steamers are there. Their interest is also involved. They do not want that this bridge should be completed. If this bridge is completed they will lose their earnings. They have perhaps bribed some people who are at the helm of affairs not go get this bridge completed and therefore, the work is not being done.

Roads on both sides of the bridge have been completed. The roads which were there are also getting destroyed. After completion of the bridge they will say that they need more money for roads Therefore, I would like to ask the hon. Minister, is he going to look into the problems which are resulting in inordinate delay in construction of this bridge? Will he be able to provide adequate funds to the State Government as demanded by the State Government so that the State Government may complete this bridge within the specified time? Will he give any specific date for its completion? Has he contacted the State Government in this regard?

SHRI BUTA SINGH : It is correct that in reply to a question in the last Session the Minister had made certain remarks which the hon. Member has just now repeated. All those remakrs are as a matter of fact. It is also a fact that this bridge was to be completed by June, 1979. There has been slippage and reasons for the

slippage as mentioned by the hon. Member are the same five points—shortage of material, shortage of power, labour strike, cyclone in 1979 and then stoppage of appropriate type of quality of cement, etc.

As I mentioned in my main statement, the Government of India's primary concern is to make available the additional funds which are bring pressed for by the State Government.

As I mentioned and also the hon. Member also mentioned the Minister had assured that we will approach the Planning Commission. May I inform the hon. Member as a result of our approach to the Planning Commission, we were able to get this alternative arrangement. We had conveyed it to the State Government that this overall ceiling of Rs. 18 crores for four lane bridge has been accepted in principle provided this does not exceed the overall limit which has been sanctioned to the Government of Bihar by the Central Government as a total kitty for the Sixth Five Year Plan.

The hon. Member wanted to know the exact date by which this bridge is going to be completed. I have already mentioned, it will be completed by March, 1982 and it will be open to traffic.

श्री हीरालाल आर. परमार (पाटन): उपाध्यक्ष जी, इस पुल के बारे में मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि 10 साल हो गए हैं, लेकिन अभी तक यह पूरा नहीं हुआ है। उस समय इसका बजट 9 करोड़ का था और आज 46 करोड़ का हो गया है। जैसे-जैसे समय बढ़ता जाएगा, बजट भी बढ़ता जाएगा। यह किसानों का एरिया है और उनको आने-जाने में मुश्किल होती है। इसलिए इस पुल को जल्दी से जल्दी पूरा करने के बारे में सरकार ने क्या सोचा है ? मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि 18 करोड़ रुपया जो बिहार को केन्द्र से दिया गया है, इसमें से कितना इस पुल पर खर्च किया जाएगा ?

श्री बूटा सिंह : उपाध्यक्ष जी, यह सही है कि यह बहुत बड़ा ब्रिज है। इसकी स्पेन लैंग्थ 5.6 किलोमीटर है और बहुत मैसिव कंस्ट्रक्शन है। एसकलेशन कास्ट हुई है, ओरिजनल कास्ट 23. कुछ थी और बाद में 25.3 करोड़ हुई, अब 46 करोड़ है।

It is because of the time factor. The cost has been escalating. But as I mentioned in the reply to the hon. Member, this bridge would be available by March, 1982, as two-lane carriage way. In case, the Bihar Government wants to make it four-lane carriage way, the required provisions are there which I have already mentioned in the statement. This will have to be gone through by the Finance Ministry and the Planning Commission.

MR. DEPUTY SPEAKER : He has already said that by March 1982, the bridge will be ready.

श्री रामविलास पासवान (हाजीपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, यह बहुत ही महत्वपूर्ण मामला है और मेरे ही क्षेत्र से संबंधित है। आपको याद होगा, पिछली बार आप ही चेयर पर थे जब सरकार ने जवाब दिया था, श्री पाटिल साहब ने जवाब दिया था कि दिसम्बर 1981 तक यह पुल बन कर तैयार हो जाएगा। तब मैंने कहा था कि यह पुल 2000 ईस्वी तक भी नहीं बनेगा, उन्होंने कहा था बन जाएगा। मैंने कहा था कि सोच-समझ कर जवाब दीजिए। बूटा सिंह जी बहुत अच्छे आदमी हैं और मेरे मित्र हैं, इसलिए बिहार सरकार इनके मुंह से गलत बात कहलवाए, यह मैं नहीं चाहूंगा। मुझे बहुत खुशी होगी यदि मार्च 1982 तक यह पूरा हो जाएगा।

श्रम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती राम दुलारी सिन्हा) : पूरा हो जाएगा।

श्री रामविलास पासवान : मुझे बहुत अफसोस होता है जब श्रीमती राम दुलारी सिन्हा भी विश्वास करती हैं कि यह कार्य इस अवधि में पूरा हो जाएगा। अभी तक जिस प्रकार से कार्य चल रहा है और जितना काम बाकी है, उसे देखने पर यहां पर बैठे लोग स्वयं अंदाजा लगा सकते हैं कि यह तैयार हो जाएगा या नहीं।

उपाध्यक्ष महोदय, इसमें कुल 46 खंबे हैं और अभी तक मुश्किल से 20 खंबे एक दूसरे से जुड़ पाए हैं। पौने 6 किलोमीटर लंबा यह पुल है, शायद संसार का यह सबसे बड़ा पुल हो, नहीं तो एशिया का सबसे बड़ा पुल तो है ही। 46 में से मात्र 20 खंबे जुड़ पाए हैं और बाकी के खंबे जुड़ने बाकी हैं। यह काम पूरा होने के बाद इसके साथ 2 मीटर चौड़ा फुटपाथ, लोगों के आने जाने के लिए बनाना होगा। इसके बाद 24 फुट चौड़ी सड़क पर कन्क्रीट का काम करना होगा। इसके बाद खंबे लगेंगे, बिजली देनी पड़ेगी तब जाकर यह पुल शुरू होगा। यह बात या तो कोई सिरफिरा ही कर सकता है या फिर भगवान ही कर सकता है। दिसम्बर समाप्त होने जा रहा है और तीन महीने में यह कार्य कैसे हो जाएगा। हां जिस प्रकार से बूटा सिंह जी एशियाई खेलों का काम करवा रहे हैं, उसी तरीके से यदि दिन-रात यह कार्य शुरू करवा दिया जाए तो यह पूरा हो सकता है, लेकिन मैं देख रहा हूं कि वही पुराना जवाब दिया जा रहा है कि यह राज्य सरकार का मामला है और वहां के मुख्य मंत्री जी चले आएंगे और कहेंगे कि प्रधान मंत्री ने 18 करोड़ रुपया हमको दे दिया है। उस रुपये के संबंध में जानकारी चाहते हैं कि वह रुपया कहां है——इस संबंध में एक कटिंग पढ़कर सुना सकता हूं। बिहार में जाकर उन्होंने घोषणा कर दी कि केन्द्र सरकार ने, प्रधान मंत्री ने इस कार्य में बड़ी दिलचस्पी दिखाई है, क्योंकि उनके हाथ से ही इस पुल का फाउंडेशन हुआ था। पुल की दो साल के बाद शुरुआत होती है। इस पुल के सम्बन्ध में कहा गया है कि इससे नेपाल की दूरी 120 किलोमीटर कम हो जाएगी। जब मोकामा का पुल नहीं था तो उत्तरी और दक्षिणी बिहार को जोड़ने वाला एक मात्र रास्ता नाव का था। नाव के द्वारा ही इस पार से उस पार आया जाया जा सकता था। यह पुल बनने के बाद वहां इंडस्ट्री का डिवेलेपमेंट हुआ। बरौनी का, बेगुसराय का और पूरे इंडस्ट्रियल एरिया का वहां डिवेलेपमेंट हुआ। यह पुल बन जाए तो बहुत सुविधा हो जाए। दिल्ली पटना जाने में इतनी दिक्कत नहीं होती है जितनी पटना से गंगा को पार करने में होती है। वहां बहुत ज्यादा कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

आप कहते हैं कि अगले साल मार्च तक यह पूरा हो जाएगा। मैं गारंटी के साथ कहता हूं कि मंत्री महोदय को इस मामले में मिसगाइड किया गया है। मैं चाहता हूं कि मंत्री महोदय अब उत्तर सोच समझ कर दें। अगले साल 15 अगस्त तक भी यदि इसका उद्घाटन हो जाए तो यह बहुत बड़ी बात होगी। लोग तो वहां इतने निराश हो गए हैं कि वे कहते हैं कि दो हजार ई. तक भी यह तैयार हो जाए तो बड़ी बात होगी। सोने का अंडा देने वाला यह पुल है। अगर मार्च तक यह बन कर तैयार हो जाए तो मैं आपको भरपेट मिठाई खिला दूंगा। यह सोने का अंडा देने वाला पुल है।

अभी हरिकेश बहादुर जी ने एक बात कही है। आपको सुन कर आश्चर्य होगा कि वहां बगल में स्टीमर का प्राइवेट मालिक जो है वह जानता है कि जब यह पुल शुरू हो जाएगा तो उसका स्टीमर बन्द हो जाएगा। बिहार में जितने मंत्री हैं सब की जेब भरने का काम भी वह करता है। रेल मंत्रालय हो या कोई भी मंत्रालय हो। सीधी सी बात है कि जब वह पुल बन कर तैयार हो जाएगा तो उसके स्टीमर भी बन्द हो जाएंगे, सारा कारोबार उसका बन्द हो जाएगा। वह इस चक्कर में है कि किसी दिन......

श्री राम प्यारे पनिका (राबर्ट्सगंज) : मेरा एक प्वाइंट आफ आर्डर है। मैं ....

MR. DEPUTY-SPEAKER : No, In call-Attention it is not permitted. Let him complete. It is for the Minister to reply. I am not permitting. Please do not recorid.

(*Interruptions*)**

श्री राम विलास पासवान : वह इस चक्कर में है कि किसी दिन बरसात के समय डायनामाइट लगा कर इस पुल को ही ध्वस्त कर दिया जाए और कह दिया जाए कि इस पुल का फाउंडेशन ही गलत जगह पर हुआ था । पिछले साल उड़ीसा से वहां हजारों टन सिमेंट आया... **(व्यवधान)**... पनिका जी मैं जानता हूं क्या कहने जा रहे थे । मैंने जो मंत्रियों के बारे में कहा है उसको मैं वापिस ले लेता हूं । लेकिन वह आदमी इतना बड़ा आदमी है कि वह किसी को भी खरीद सकता है, इतनी बात समझ लें । मुझे दुख होता है जब आप सच्ची बात सुनने के लिए तैयार नहीं होते हैं । आपको भी बिहार जाना होगा तो उसी पुल से जाएंगे । पिछले साल उड़ीसा से हजारों टन सीमेंट वहां आया । चीफ इंजीनियर ने कह दिया कि यह खराब है और सारा रसीमेंट रद्दी की टोकरी में फेंक दिया गया । सारी जो वहां उस पुल में धपलबाजीहो रही है उसके लिए क्या मंत्री महोदय कोई कमेटी नियुक्त करेंगे और क्या कोई डेड लाइन फिक्स करेंगे कि इस तिथि तक पुल बन कर तैयार हो जाएगा ?

श्री बूटा सिंह : पुल की तामीर के सिलसिले में माननीय सदस्य ने जो बातें कही हैं उसके सम्बन्ध में मैंने बार चार्ट देखा है और उसके मुताबिक जो बुनियादी काम है वह पूरा हो गया है, वैल सिंकिंग, वैल स्टीनिंग, लांच कनक्रीटिंग, बाटम प्लानिंग, इंटरमिडिएट प्लगिंग आदि सब पूरा हो गया है । बहुत सा काम फिनिशिंग का है जो अधूरा है। बिहार सरकार ने जो हमें सूचना दी वह हमने सदन को दे दी है । फिर भी मैंने यह फैसला किया है माननीय सदस्य के प्रश्न को सुन कर कि मैं स्वयं इस ब्रिज को देखने के लिए भी जाऊं चाहे यह हमारी रिसापांसिबिलिटी नहीं है लेकिन चूंकि सदन में कुछ जानकारी दी गई है इस वास्ते मैं स्वयं देखने के लिए जाऊंगा । मैं विश्वास करता हूं कि जो बिहार सरकार ने निर्धारित समय दिया है मार्च, 1982 का उसमें इसको कमप्लीट कर पायेंगे । उनको अगर हमसे टेक्नीकल सहायता चाहियेगी तो वह भी हम देंगे ।

दूसरी बात माननीय सदस्य ने सीमेंट के बारे में कही । इसमें तथ्य है कि जो सीमेंट एक खास जांच के लिये चाहिये वही होना चाहिये । जो सीमेंट इसमें इस्तेमाल होता है वह आर्डिनरी पोर्टलैंड होता है । लेकिन कुछ जाब ऐसे होते हैं जिनमें स्पेशल टाइप का सीमेंट चाहिये । अब अगर वैसा सीमेंट नहीं आया होगा तो रिजेक्ट किया गया होगा । लेकिन मेरे पास इसकी पूरी जानकारी नहीं है कि कितने सीमेंट बैग्स रिजेक्ट हुए । मैं जब निरीक्षण करूंगा तो देखूंगा ।

यह भी कहा गया किसी प्राइवेट कम्पनी का मालिक है जो वहां के आफिसर्स और मिनिस्टर्स को अपने हाथ में करते हैं और काम नहीं होने देते । ऐसी मेरी जानकारी में नहीं है । हम किसी भी राष्ट्रीय स्तर और राज्य स्तर के प्रोजेक्ट में किसी भी प्राइवेट कम्पनी को ऐसा दखल देने की आज्ञा नहीं लेंगे ।

श्री राम विलास पासवान : मंत्री जी, जब आप जायेंगे तो हमें भी खबर देंगे? आप जब जायें तो हमें भी ले लेंगे?

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : हमारी भी कांस्टीट्यूएंसी है ।

MR. DEPUTY SPEAKER : Shri Paswan ji will also come when you go.

SHRI BUTA SINGH : It will be only to ascertain the facts and to know about the progress of the project.

**Not recorded

श्री मंगल राम प्रेमी (बिजनौर) : माननीय उपाध्यक्ष जी, यह मामला बिहार के समस्तीपुर एरिया का है, और जैसा माननीय पासवान जी ने बताया है 1970 में इसका शिलान्यास प्रधान मंत्री जी के द्वारा हुआ था और 1972 में इसका काम शुरू किया गया और आज 1982 आने वाला है जब यह मामला पार्लियामेंट में उठा है। तो मैं जानना चाहता हूं मंत्री जी 1972 का मामला 1982 में पार्लियामेंट में आया है तो नहीं कर रहे हैं। कहीं कोई गड़बड़ समय पर पूरा होगा। हालांकि मंत्री जी कह रहे हैं कि 1982 में कम्पलीट हो जाएगा। कहीं मंत्री जी 1992 की बात तो नहीं कर रहे हैं। कहीं कोई गड़बड़ की बात तो नहीं है, आप इसको जरा सही कर दें। क्योंकि यही एक मसला ऐसा आया है जिसमें यह कहने का मौका नहीं मिला कि यह चीज हमें वरासत में मिली। क्योंकि कांग्रेस सरकार ही रही है लगातार, बीच में 3 साल का ही समय था जो काम होना था वही हो गया।

श्री राम प्यारे पनिका (राबर्ट्सगंज) : उपाध्यक्ष जी, इनकी पार्टी की सरकार के मंत्री ने हमारे यहां फर्जी शिलान्यास किया मिर्जापुर जिले में दुद्दी में कनहर नदी पर पुल का। बिना पैसे के शिलान्यास कर दिया लोगों की आंखों में धूल झोंकने के लिये।

MR. DEPUTY SPEAKER: The Minister will reply. Why do you take this responsibility?

श्री मंगल राम प्रेमी : मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि इस पुल का कांट्रेक्ट कब दिया गया है और उसके टर्म्स क्या हैं और क्या क्या खास बातें हैं?

MR. DEPUTY SPEAKER: Now the Hon. Minister will reply.

SHRI BUTA SINGH: I do not dispute the fact that this project was sanctioned in 1972 and it is going to be completed in 1982. But, Sir, it is no use going into the question of only delays. The hon. Member's party had a very good opportunity of 3 years to intervene and complete the work within the regime it was intended to be completed in 1978, but they could not do anything and they passed on the lame or sick baby to us. Now the position is this: As reported by the State Government, by March, 1982, I am sure, construction of this bridge will be completed. This work has been given to a well known firm, Gammon, after global tenders were floated and they were selected as the best builders.

श्री राम विलास पासवान : मैं एक क्लैरिफिकेशन चाहता हूं। मंत्री महोदय ने बताया है कि यह कंट्रेक्ट गैमन को दिया गया है। गैमन को जो काम दिया गया, वह तो उसने किया नहीं, अपना एक कारखाना खोल लिया। उसने एक दूसरा पुल बना दिया है और इसको छोड़ दिया है। मैं यह जानना चाहता हूं कि इस कंट्रेक्ट की टर्म्ज एंड कन्डीशन्ज क्या हैं।

श्री बूटा सिंह : यह कंट्रेक्ट बिहार गवर्नमेंट ने दिया है, हमने नहीं दिया है। मगर कंट्रेक्ट की जो टर्म्ज एंड कन्डीशन्ज हैं, उनके मुताबिक गैमन काम कर रहा है।

12.41 hrs.

LEAVE OF ABSENCE FROM THE SITTINGS OF THE HOUSE

MR. DEPUTY SPEAKER: The Committee on Absense of Members from the sittings of the House in their Sixth Report have